Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 13-12-2006

Participants : Bisen Shri Gauri Shankar Chaturbhuj

an>

Title: Need to provide grant to various food processing units in the country.

श्री गौरीशंकर चतुर्भुज बिसेन (बालाघाट) :अध्यक्ष महोदय, भारत सरकार द्वारा खाद्य पदार्थों की बरबादी को रोकने के लिए अलग खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय बनाया गया। उसमें भारत सरकार ने ऐसे यूनिट जो खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित होंगे उनको विशेा अनुदान देने का 25 परसेंट से लेकर चावल क्षेत्र में इससे भी अधिक देने का प्रावधान किया है। आज की स्थिति में 31 मार्च 2004 तक जो प्रोजैक्ट राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार को भेजे गए, उनको अभी तक अनुदान नहीं मिला है। कल भारत सरकार द्वारा जो अनुदान मांगें 2005-06 यहां प्रस्तुत की, उनका अनुमोदन किया। कल मुझे इस पर बोलने का मौका नहीं मिला। मैं चाहता था कि उसमें इस बात को रखूं। करोड़ों रुपए की सबसिडी नहीं मिलने से सारे उद्योग बंद होने की स्थिति में आ गए हैं। यह केवल मध्य प्रदेश का विाय नहीं है बल्कि पूरे देश का विाय है। मैं इसकी तरफ खाद्य प्रसंस्करण मंत्री जी का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं। मैं भारत सरकार से अपेक्षा करता हूं कि जितने पैडिंग प्रकरण हैं, उनको प्राथमिकता देकर अनुदान राशि राज्य सरकार के माध्यम से प्रदान की जाए।

MR. SPEAKER: Hon. Members, there will be no luncheon recess today.